स्मृति ईरानी ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां, कहा- लोगों को होने लगा है अच्छे दिन का अहसास

May 21, 2017

नई दिल्ली| भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कहा कि सरकार की विभिन्न परियोजनाओं से लाभान्वित लोगों को 'अच्छे दिन' का अहसास होने लगा है। समाचाल चैनल इंडिया टुडे द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान ईरानी ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने लोगों को सीधे अपनी राय प्रधानमंत्री को भेजकर देश के नीति निर्माण में हिस्सेदारी का अवसर मुहैया कराया है।

स्मृति ईरानी ने कहा- मोदी सरकार रखती है नागरिकों की भलाई का ख्याल

समाचार खोजें

Search

ताज़ा समाचार

जम्मू-कश्मीर : 4 राइफल लेकर फरार हुआ सिपाही, बन गया आतंकी

फंसते जा रहे सीएम केजरीवाल, जेटली ने किया दस करोड़ का मानहानि केस

#IPL10 : मुंबई इंडियंस के लिए जोस बटलर ने किया न्यूड डांस, देखें वीडियो

दो दर्जन परिवारों ने छोड़ा मुस्लिम धर्म और बन गए हिंदू...

#Punjab10thResult 2017: मुंडों को पछाड़ कर कुड़ियों ने मारी बाजी

स्मृति ईरानी ने कहा कि जिन लोगों ने नीति निर्माण में हिस्सा लिया, अगर उनसे आप पूछें तो वे कहेंगे कि अच्छे दिन आ गए हैं। यह सरकार नागरिकों की भलाई का ख्याल रखती है। देशभर में दो करोड़ महिलाएं रसोई में धुआं खाने को मजबूर थीं। उन्हें घरेलू गैस का कनेक्शन दिया गया। आप अगर उनसे पूछें तो वे आपको बताएंगी की अच्छे दिन आ गए हैं। उन्होंने कहा, "केंद्र सरकार की मुद्रा योजना के तहत सात करोड़ लोगों को कारोबार के लिए धनराशि मिली। अगर आप उनसे पूछें तो वे कहेंगे कि अच्छे दिन आ गए हैं।"

बीच, हिलस्टेशन, रेगिस्तान या जंगल..हर साल नयी जगाह पर छुट्टी मनाइये, २५ साल तक

हिंदी सबटाइटल्स में देखें 13 अवर्स, अमेजन प्राइम वीडियो पर

आनंद ले एक हफ्ते की छुट्टी का हर साल, २५ साल तक, हमारे ४६ रिसॉर्ट्स में

ईरानी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पिछले साल सर्जिकल स्ट्राइक करने और कुलभूषण जाधव मामले को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम से कम आज एक ऐसा प्रधानमंत्री तो है, जो फैसले लेने में सक्षम है।"

कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी से जुड़े एक सवाल पर स्मृति ईरानी ने राहुल के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि का हवाला देकर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

बॉलीवुड

'हाफ गर्लफ्रेंड' और 'हिन्दी का फर्स्ट वीकेंड कलेक्शन किसने की कितनी कमाई

May 22, 2017

जवानी-दीवानी